सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने आइस फिगर स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप–2025 का किया उद्घाटन एवं शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का किया समापन

**राजभवन देहरादून 28 जून, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को देहरादून में 20वीं नेशनल शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का समापन और आइस फिगर स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप– 2025 का शुभारंभ किया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के हिमाद्री आइस रिंक में आयोजित इस समारोह के दौरान खिलाडियों ने आइस स्केटिंग का विशेष प्रदर्शन किया जिसने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

देशभर से आए खिलाड़ियों का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के कोने–कोने से आए खिलाड़ियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि यह चैंपियनशिप भारत में शीतकालीन खेलों के प्रति बढ़ती रुचि का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आइस स्केटिंग रिंक का पुनर्निर्माण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे न केवल आइस स्केटिंग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उत्तराखण्ड को ''खेल भूमि'' के रूप में भी नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने देहरादून की अत्याधुनिक आइस स्केटिंग रिंक को एक "गेटवे ऑफ अपॉर्च्युनिटीज़" बताते हुए कहा कि यह मंच युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और उत्तराखण्ड को विंटर स्पोर्ट्स का हब बनाएगा। साथ ही उन्होंने खेलो इंडियो विंटर गेम्स जैसी राष्ट्रीय पहलों की प्रशंसा की और कहा कि ये आयोजन देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा, प्रशिक्षण और मंच प्रदान करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में खेल अवस्थापना, प्रशिक्षण सुविधाएं, खेल छात्रवृत्तियां और नई खेल नीति के अंतर्गत रोजगार के अवसर तेजी से विकसित किए जा रहे हैं। इस समारोह में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण, कोच, प्रतिभागी खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

...........0............